कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 04-07-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में सुगम यातायात के दृष्टिगत काशी विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र के आस-पास अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण।

- **अतिक्रमण से जाम व पर्यटकों को होने वाली समस्या के दृष्टिगत चलाया गया अभियान**
- **दोबारा अतिक्रमण करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर की जायेगी विधिक कार्यवाही, सामान भी किये जायेंगे जब्त**
- **व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठान का सामान दुकान की परिधि में रखने व वाहनों को सड़क पर न पार्क करने की अपील की गई।**

आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व पर्यटकों का प्रतिदिन होने वाले आवागमन में बाधा बनने वाले फुटपाथ व सड़कों पर हुए अस्थायी अतिक्रमण के विरूद्ध एवं सुगम यातायात व पर्यटकों के सुविधाओं के दृष्टिगत फुटपाथ, सड़कों व चौराहों पर हुए अतिक्रमण के विरूद्ध सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारीगण के नेतृत्व में एक व्यापक अभियान चलाकर कोतवाली थाना क्षेत्र मैदागिन, बुलानाला, चौक, बाँसफाटक, गोदौलिया चौराहा, गोदौलिया चौराहे से गोदौलिया घाट रोड तक अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अभियान में नगर निगम वाराणसी की टीम भी सम्मिलित रही। अभियान के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं व स्थानीय व्यापारियों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में पुनः आप लोगो द्वारा अतिक्रमण किया गया तो सामानों की जब्तीकरण के साथ-साथ अभियोग पंजीकृत कर कड़ी विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।

दशाश्वमेध

कोतवाली

चौक